an>

Title: Regarding safety of the Railways passengers and providing adequate security.

प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) **: अध्यक्ष महोदया, मैं एक बहुत गम्भीर घटना की ओर आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।**

महोदया, मध्य प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री श्री जयंत मल्लैया, जो सात बार से एमएलए हैं, वे जबलपुर से निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस में एसी फर्स्ट में सपरिवार यात्रा कर रहे थे। मथुरा के पास लगभग 11 लोग उस डिब्बे में घुसे और दोनों तरफ के रास्ते बंद करके पूरे डिब्बे को उन लोगों ने लूटा ताकि उनके सुरक्षाकर्मी वहां न आ सकें। मैं दो-तीन बातें सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि चैन पुलिंग हुई, वहां आरपीएफ आयी और उन्होंने फायर भी किया, लेकिन आरपीएफ के लोगों से जब बात की गयी तो उन्होंने कहा कि हमारे पास बुलेट की गिनती होती है और हमें बाउन्ड्री से बाहर व्यक्ति पर गोली चलाने के अधिकार नहीं हैं। यह बहुत बड़ी घटना है। इससे पहले भी हमारे दो सांसदों के साथ इसी ट्रेन में सुबह पांच बजे उनका सामान चोरी हो गया था। लेकिन यह घटना तो लूट की है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि सबसे अहम बात यह है कि सुरक्षाकर्मियों को सीमा के पार भी कहीं न कहीं पूरी तरह से फायर के अधिकार दिए जाने चाहिए और यात्रियों की सुरक्षा की चिंता की जानी चाहिए। इस ट्रेन में वीआईपीज़ लोग काफी संख्या में आते-जाते हैं। उस ट्रेन में जबलपुर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के वकील भी थे। केवल दो कैबिन्स को छोड़ कर बाकी सभी को लूटा गया। उनकी श्रीमती से यहां तक कहा गया कि इनकी अंगूठी उतर नहीं रही है तो इनकी उंगली काट दो। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस जघन्य घटना की सरकार चिंता करे।

माननीय अध्यक्ष **: श्री देवजी एम. पटेल, श्री उदय प्रताप सिंह, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, श्री गणेश सिंह, श्री आलोक संजर, श्री सुभाष पटेल और श्री बोध सिंह भगत को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।**

12.23 hrs.

SUBMISSION BY MEMBER